सेहत से लेकर शिक्षा तक सुधारेगा

श्रीशनिधाम

श्रीसिद्धशक्तिपीठ शनिधाम के पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती जी महाराज ने आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक कारगर पहल की है। उन्होंने गणगौर मेले में सामुदायिक भवन के लिए तीन लाख रुपए देने के साथ विद्यालयों में शिक्षक लगाने की घोषणा की है। दाती महाराज की इस घोषणा से आदिवासी बहुल कुरण क्षेत्र में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

श्री शनिधाम की ओर से गत रविवार को गणगौर मेले का आयोजन किया गया। यह मेल देहसूरी में आयोजित हुआ जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की। आदिवासी क्षेत्र में पहला व्यवस्थित मेला था, जिसमें झूले से लेकर हर तरह की दुकानें लगी थीं। मेले में महामंडलेश्वर दाती महाराज ने क्षेत्र के विकास के लिए सबके सहयोग की आशा करते हुए कई योजनाएं रखीं ताकि वहां विकास को नया आयाम मिले। मेले में दाती महाराज ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक एंबुलेंस भेंट करने की घोषणा की। इसके अलावा पंचायत समिति मुख्यालय बाली पर आदिवासियों के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आदिवासी क्षेत्र को आगे लाने के लिए 12 ग्राम पंचायतों में जिन विद्यालयों में शिक्षक नहीं है, वहां शनिधाम ट्रस्ट की ओर से शिक्षक लगाए जाएंगे। महामंडलेश्वर ने कहा कि वे विश्वास दिलाते हैं कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं रखी जाएगी। उन्होंने बीपीएल से वंचित 500 गरीब लोगों की सूची मांगी, जिन्हें गरीब कार्ड वितरित कर 10 किलो गेहूं प्रति माह दिया जाएगा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा मंत्री मांगीलाल गरासिया ने कहा कि पे क्षेत्र को टाडा योजना में लाने के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

कलेक्टर नीरज के. पवन ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे को मिले, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। पवन ने सरकारी योजनाओं की क्रियान्वित प्रमुखता से किए जाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या हो उन तक पहुचाएं ताकि समाधान हो सके। कार्यक्रम में बीडीओ नरपतसिंह भाटी, सोमेंद्र गुर्जर, केशर सिंह राजपुरोहित, हंसाराम मोरी, दलाराम, मानाराम गरासिया, मदनलाल गरासिया, राणाराम, मूलाराम, कूकाराम, पूर्व सरपंच मानाराम, झालाराम और लक्ष्मनाराम आदि उपस्थित थे। ग्राम पंचायत कूरण में गणगौर मेले में दाती मदन राजस्थानी द्वारा आदिवासियों को करीब 14 टन गन्ने वितरित किया गया, जिसका मेलार्थियों ने लुत्फ उठाया। दाती महाराज ने आदिवासियों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एक एंबुलेंस देने की घोषणा की, जो 10 मई से पहले उपलब्ध करवा दी जाएगी। मेले में उमड़े हुजूम एवं आदिवासियों की खुशी को देखते हुए दाती महाराज ने प्रति वर्ष मेले का आयोजन करने की घोषणा की है। मेले में शनिधाम ट्रस्ट की ओर से विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। -संबंधित खबरें पेज-8 पर

दाती गरीब कार्ड योजना के तहत पहुंचाई सहायता

जिला प्रशासन व शनिधाम ट्रस्ट के तत्वावधान में गत रविवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में गरीब कार्ड योजना के तहत गेहूं व राशि का वितरण किया गया। इसके अलावा रोगियों का उपचार भी किया गया। शनिधाम ट्रस्ट के प्रणेता दाती मदन राजस्थानी के सानिध्य में दाती गरीब कार्ड योजना के तहत जरूरतमंद लोगों में गेहूं व नकद राशि वितरित की गई। इस दौरान दाती ने असहाय लोगों की समस्याएं सुनकर उनका हाथों-हाथ निदान भी किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. एचएम चौधरी ने 84 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनका उपचार किया। डॉ. चौधरी ने बताया कि रोगियों को ट्रस्ट की ओर से निशुल्क दवाएं भी दी गईं। कार्यक्रम में शनिधाम ट्रस्ट की मां श्रद्धा, लाल महाराज, नरेश ओझा सहित कई शनिभक्त उपस्थित थे।